जेल में बंद छात्र की मौत पर बवाल

स्ट्रेचर पर शव रख मुख्यमंत्री निवास के पास चक्काजाम

- पॉलीटेक्निक कॉलेज चौराहा, न्यूमार्केट में भी किया प्रदर्शन
- जेल प्रशासन ने जेल के डॉक्टर को दिया नोटिस



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः सेंट्रल जेल भोपाल में बंद 21 वर्षीय छात्र की हमीदिया अस्पताल में मौत के बाद शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। युवक के परिवार एवं उसकी बस्ती के लोगों ने शव को स्ट्रेचर पर रखकर मुख्यमंत्री निवास के पास प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। वे लोग पुलिस और जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उधर इस मामले में छात्र की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही जेल प्रशासन ने जेल के डॉक्टर को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

शाहपुरा के ईश्वर नगर में रहने वाला 21 वर्षीय हर्षित राजपूत बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र था। शाहपुरा थाना पुलिस ने उसे अगस्त माह में मारपीट एवं लूट के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह तभी से जेल में बंद था। जेल में बीमार पड़ने के कारण उसे जेल प्रशासन ने हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान गुरुवार रात हर्षित की मौत हो गई। शुक्रवार शाम हर्षित के शव को स्ट्रेचर पर लेकर लोग मुख्यमंत्री निवास की तरफ बढ़े। इस बात की सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्हें मुख्यमंत्री निवास के लगभग 500 मीटर पहले रोक दिया गया।

वहां काफी देर तक धरना चलता रहा। उसके बाद पॉलीटेक्निक कॉलेज चौराहा पर प्रदर्शन शुरू किया गया। उसके बाद न्यूमार्केट क्षेत्र में भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। इससे वाहन चालक परेशान होते रहे। हर्षित के परिवार के लोगों का आरोप है कि वह लगभग दो माह से बीमार चल रहा था, लेकिन उसका समुचित उपचार नहीं कराया गया।

साथ ही जेल के डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रुपयों की मांग की थी। बताया जाता है कि हर्षित को निमोनिया हो गया था। संभवत: फैंफड़ों में संक्रमण फैलने से उसकी जान चली गई। इस मामले में जेल अधीक्षक मानेंद्रसिंह परिहार का कहना है कि हर्षित को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। डॉक्टर जेल में उसका उपचार कर रहे थे, लेकिन उसकी बीमारी में निमोनिया के लक्षण की अनदेखी की संभावना है। इस वजह से जेल के चिकित्सक को नोटिस जारी किया गया है। मामले की न्यायिक जांच के आदेश हो गए हैं।

आज फिर आंदोलन की चेतावनी

करणी सेना के सदस्य सुरेंद्र सिंह चौहान ने रविवार सुबह 11 बजे बागसेवनिया थाने के सामने चक्काजाम करने का ऐलान किया है। संगठन ने हर्षित की मौत के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

कमजोर पड़ा अकवान, शहडोल में वर्षा होने एवं भोपाल, रायसेन में शीतलहर के आसार

शाजापुर में रात का पारा 7.1 डिग्री पर



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अकवान शुक्रवार सुबह आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तट के मध्य में टकराने के बाद तेजी से कमजोर होने लगा है। शनिवार सुबह तक उसके गहरे कम दबाव के क्षेत्र में बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अवकान के अवशेष के प्रभाव से शनिवार को सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनूपपुर, शहडोल, डिंडौरी, मंडला एवं बालाघाट जिले में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। उधर उत्तर भारत की तरफ से लगातार आ रही ठंडी हवाओं के कारण गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात भोपाल, रायसेन, धार, शाजापुर जिले में शीतलहर का प्रभाव रहा। शनिवार को भी इन जिलों शीतलहर बरकरार रहने के आसार हैं। उधर शुक्रवार को प्रदेश में सबसे कम 7.1 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर में दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अकवान शुक्रवार सुबह आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तट के मध्य में टकराने के बाद कमजोर पड़ गया। वर्तमान में यह ओडिया में है और कमजोर पड़कर अवदाब के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। शनिवार सुबह तक इसके गहरे कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। उधर ईरान के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि तूफान के असर से गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हुई। शनिवार को रीवा, जबलपुर, शहडोल, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। शेष संभाग के जिलों में मौसम शुष्क बना रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि तूफान तेजी से कमजोर पड़ गया है। इस वजह से उसका थोड़ा बहुत असर पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा के रूप में दिख सकता है। उधर उत्तर-भारत में वातावरण काफी ठंडा है। वहां से लगातार रही शीतल हवाओं के कारण भोपाल, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में रात में काफी ठंडक बढ़ गई है। इन क्षेत्रों में मौसम का इस तरह का मिजाज शनिवार-रविवार को भी बना रह सकता है। ईरान पर बने पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत पहुंचने पर दो दिन बाद न्यूनतम तापमान कुछ बढ़ सकता है।

घर में घुसकर 15 वर्ष की किशोरी से किया था दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

छह माह पहले हुई थी घटना, सीसीटीवी से मिला सुराग

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः सूखी सेवनिया थाना इलाके में छह माह पहले घर में अकेली पाकर एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ अनजान युवक ने दुष्कर्म कर दिया था। घटना का पता किशोरी के गर्भवती होने के बाद चला। दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश की। इसके तहत घटनास्थल के आसपास की बस्तियों और मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाले। उससे मिले सुराग के आधार पर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने बालिका के साथ दुष्कर्म करना कबूल कर लिया।

सूखी सेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली किशोरी के माता-पिता मजदूरी करते हैं। हाल ही में किशोरी ने पेट में दर्द की शिकायत की तो परिवार के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी दी। साथ ही घटना की सूचना भी पुलिस को दी। बालिका से पूछताछ में पता चला कि छह माह पहले एक अनजान व्यक्ति ने घर में घुसकर उसके साथ गलत काम किया था। इस आधार पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि आरोपी की तलाश में क्रेशर बस्ती, सिद्ध नगर, ओमकार सेवनिया, हाईवे एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्यों का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया गया। इस दौरान एक फुटेज में संदिग्ध युवक बालिका के साथ घूमता हुआ नजर आया। उससे मिले सुराग के आधार पर शुक्रवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। उसकी पहचान मूलत: ग्राम मुरैल कलां, थाना कोतवाली, जिला रायसेन निवासी 25 वर्षीय हरीश भारती अहिरवार के रूप में हुई। वह पेश से मजदूर है और वर्तमान में सूखी सेवनिया क्षेत्र में मजदूरी करता है।

नगर निगम के कॉम्प्लेक्स में दुकान दिलाने का झांसा, तीन व्यापारियों से 23.65 लाख की ठगी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर की प्राइम लोकेशन पर नादरा बस स्टैंड के नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकान दिलाने का झांसा देकर चार लोगों ने तीन व्यापारियों से 23 लाख 65 हजार रुपये हड़प लिए। शातिर जालसाजों ने कारोबारियों को भरोसा दिलाने के लिए नगर निगम की फर्जी नोटशीट,नीलामी का नोटिस और ऑनलाइन पोर्टल की आईडी भी बना कर दे दी थी। तीन वर्ष बीतने पर भी जब दुकान नहीं मिली, तो व्यापारी कागज लेकर निगम कमिश्नर से मिले और अपनी व्यथा सुनाई। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि नगर निगम ने अभी इस तरह का कोई टेंडर जारी ही नहीं किया गया। शिकायत मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने नीरज चौरसिया, अबरार, दिलीप जैन और आलमउद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज किया है।

कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक इतवारा निवासी दीपक अग्रवाल को अगस्त 2023 में दिलीप जैन ने नादरा बस स्टैंड के नए कॉम्प्लेक्स में ग्राउंड फ्लोर की दुकान दिलाने का प्रस्ताव दिया था। दुकान की कीमत 38 लाख रुपये बताई गई। इसके लिए 10 प्रतिशत राशि और पांच लाख रुपये कमीशन मांगा गया। दीपक से अलग-अलग किस्तों में 6.95 लाख रुपये ले लिए गए। इसी तरह विजय अग्रवाल को 45 लाख रुपये की दुकान दिलाने का भरोसा देकर 8.93 लाख रुपये वसूले गए, जबकि आजाद मार्केट के कारोबारी मुकेश शर्मा से दुकान आवंटन के नाम पर 7.77 लाख रुपये लिए गए। रुपये लेने के बाद तीनों कारोबारियों को बताया गया कि नगर निगम में उनकी फाइल प्रक्रिया में है और ऑनलाइन आईडी से बोली लगाकर दुकान मिल जाएगी। आरोपियों ने फोन पर एक महिला से आईडी का सत्यापन भी कराया। इसके बाद फर्जी टेंडर और दस्तावेज दिखाकर आवंटन की तारीखें आगे बढ़ाते रहे। निगम से जानकारी लेने पर पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस अब आरोपियों की भूमिका और रकम के लेनदेन की पड़ताल कर रही है।

सिपाही सोता रहा,तलैया थाने की अभिरक्षा में रखा गया विदेशी नागरिक भाग निकला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः तलैया थाने की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई है। पासपोर्ट संबंधी मामले में डिटेंशन सेंटर में रखा गया सेनेगल का नागरिक सैमुअल डियोप पुलिस निगरानी से फरार हो गया। घटना रात गुरुवार-शुक्रवार रात की है। जिस समय विदेशी नागरिक भागा,तब ड्यूटी पर तैनात सिपाही सो रहा था। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

सैमुअल को डायरेक्टरेट आफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भोपाल में ट्रेन से पकड़ा था। उसके पास पासपोर्ट नहीं होने की जानकारी सामने आने के बाद उसे छह नवंबर को तलैया थाने के डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। डीसीपी जोन-तीन आयुष गुप्ता ने बताया कि चूंकि वह आरोपी नहीं था, इसलिए उसे लाकअप में हथकड़ी लगाकर नहीं रखा जा सकता था। इस वजह से उसे तलैया थाने में बनाए गए डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। सुरक्षा के लिए पुलिस लाइन के एक सिपाही को तैनात किया गया था। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग 3:20 बजे निगरानी में चूक के दौरान वह फरार हो गया। घटना के बाद थाने की सुरक्षा व्यवस्था और ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अब फरार विदेशी नागरिक की तलाश कर रही है।

मध्यप्रदेश में अब गुणवत्ता प्रमाण पत्र के बिना नहीं बिकेगी शराब

- मुख्य आरोपी अब भी फरार
- पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में जहरीली और अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए आबकारी विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब प्रदेश में शराब की प्रत्येक खेप के साथ गुणवत्ता प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था 25 नवंबर 2026 से पूरे प्रदेश में लागू होगी।

आबकारी आयुक्त दीपक कुमार सक्सेना ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, देशी और विदेशी शराब के साथ संबंधित बैच की रासायनिक जांच रिपोर्ट और उसके मानव उपभोग योग्य होने का प्रमाण-पत्र देना होगा। इसके बिना शराब की आपूर्ति और वितरण नहीं किया जा सकेगा।

विभाग के निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक बैच का निर्धारित मानकों के अनुरूप रासायनिक परीक्षण विनिर्माण इकाई की प्रयोगशाला में किया जाएगा। जांच में गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने के बाद ही शराब के बैच को जारी करने की अनुमति मिलेगी।

यदि किसी खेप के साथ प्रमाण-पत्र नहीं मिलता है या दस्तावेज अधूरे, अस्पष्ट अथवा संदिग्ध पाए जाते हैं, तो उस शराब को अलग सुरक्षित भंडार में रखा जाएगा। उसे किसी अन्य भंडारगृह या लाइसेंसधारी को हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा।

फुटकर शराब दुकानदार गुणवत्ता प्रमाण-पत्र मांग सकेंगे। भंडारगृह प्रभारी को रासायनिक जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रमाणित प्रति उपलब्ध करानी होगी। इसके साथ ही प्रत्येक खेप के प्रमाण-पत्र का डिजिटल रिकॉर्ड ई-आबकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिला आबकारी अधिकारियों को व्यवस्था की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। नियमों की अनदेखी या बिना प्रमाण-पत्र शराब की आपूर्ति होने पर जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और लाइसेंसधारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में सागर के बंडा और देवास में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद गुणवत्ता नियंत्रण और निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

सीलिंग की कार्रवाई पर उठे सवाल, अरेरा कॉलोनी में एक भी प्रतिष्ठान बंद नहीं

नप्र, भोपाल : राजधानी में आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ नगर निगम की सीलिंग और नोटिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि निगम की टीमें बाजारों में पहुंचकर एक-दो दुकानों को बंद कर लौट रही हैं, जबकि अरेरा कॉलोनी और 10 नंबर क्षेत्र में चिह्नित करीब 200 अवैध निर्माण और प्रतिष्ठानों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

इस मामले के याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि 23 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इसमें नगर निगम की कार्रवाई की वास्तविक स्थिति न्यायालय के सामने रखी जाएगी। उनके अनुसार, संबंधित प्रतिष्ठानों की सूची पहले ही निगम और न्यायालय को सौंपी जा चुकी है। पिछले चार महीने से कार्रवाई नहीं होने के कारण कई प्रतिष्ठान दोबारा खुल गए हैं। गुरुवार को नगर निगम की टीम अरेरा कॉलोनी में एक अवैध निर्माण हटाने पहुंची थी। वहां कुछ दीवारें तोड़ी गईं, लेकिन बाद में कार्रवाई अधूरी छोड़कर टीम लौट गई। नगर निगम अब प्रतिष्ठानों को 10 दिन के भीतर कारोबार बंद करने के नोटिस दे रहा है। शहर में अब तक करीब 400 प्रतिष्ठान सील किए जाने का दावा किया गया है। वहीं, भोपाल व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने सीलिंग की कार्रवाई तत्काल रोकने की मांग की है।

श्रद्धा और उमंग से संपन्न हुआ माता तुलसी- भगवान शालिग्राम का विवाह

भव्य आतिशबाजी हुई, आज भी रखेंगे एकादशी का व्रत

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 'देवउठनी एकादशी' शुक्रवार को श्रद्धा और उमंग के साथ मनाई गई। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं। भक्तों ने घंटे-घड़ियाल और 'उठो देव सांवला बेर,भाजी आंवला' के जयघोष के साथ श्रीहरि को जगाया। शाम के समय गन्नों का मंडप सजाकर उसमें माता तुलसी और भगवान शालिगराम का विवाह कराया गया। देवता के जागने तथा तुलसी विवाह के बाद अब पिछले चार महीनों से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम समाप्त हो गया है तथा शुभ कार्य शुरु हो गए हैं। ग्यारस पर भी अनेक जगह जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे।

गन्ने के मंडप में लगे फेरे

शाम के समय गन्नों का मंडप बनाया गया तथा माता तुलसी के पौधे को लाल चुनरी, चूड़ी, बिंदी और सुहाग की सामग्री अर्पित कर दुल्हन की तरह सजाया गया। इसके बाद विधि-विधान से भगवान शालिग्राम के साथ माता तुलसी का गठबंधन कर सात फेरे लगवाये गये। शास्त्रों में तुलसी विवाह कराने को कन्यादान के समान पुण्यदायी बताया गया है। गुफा मंदिर के पुजारी पं. लेखराज शर्मा के अनुसार स्मार्त और गृहस्थों ने शुक्रवार को एकादशी का व्रत रखा। जबकि वैष्णव और निम्बार्क संप्रदाय के अनुयायी शनिवार को देवउठनी ग्यारस मनाएंगे।



करुणाधाम आश्रम से निकली बारात

नेहरु नगर स्थित करुणाधाम आश्रम में दो दिवसीय तुलसी-विवाह समारोह शुरु हुआ। शुक्रवार को दोपहर के समय मण्डप,हल्दी और मेहंदी की रस्में पूरी कराई गई। शाम के समय नेहरु नगर चौराहे से प्रभु शालिगराम की भव्य बारात निकाली गई। ऊंट-घोड़े बग्घी तथा गाजे-बाजों के साथ बारात निकाली गई। इसके बाद फेरे कराये गये। इसके अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार को देव उठनी ग्यारस मनाई गई। गुफा मंदिर,कालका दरबार बरखेड़ी, बांके बिहारी मंदिर चौबदारपुरा,राधाकृष्ण मंदिर तलैया, शीतलदास की बगिया आदि स्थानों पर भी धार्मिक आयोजन हुए।

डिजिटल जनगणना में जन्म और मृत्यु का भी दर्ज होगा रिकॉर्ड

नप्र, भोपाल : आगामी डिजिटल जनगणना के दौरान केंद्र सरकार जन्म और मृत्यु का भी रिकॉर्ड जुटाएगी। इसके लिए जनगणना की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 25 जनवरी से 28 फरवरी के बीच जन्म लेने वाले बच्चों और मृत्यु होने वाले लोगों की जानकारी एकत्र की जाएगी।

प्रदेश के जनगणना निदेशक संजीव श्रीवास्तव के अनुसार, प्रगणक और पर्यवेक्षक 1 से 7 मार्च तक दोबारा घरों में जाकर यह जानकारी जुटाएंगे। इसके लिए वे उन्हीं घरों में पहुंचेंगे, जहां पहले जनगणना का काम किया जा चुका होगा। सात मार्च की रात 12 बजे तक यह जानकारी केंद्रीय जनगणना निदेशालय को भेज दी जाएगी। इसके बाद प्रदेश जनगणना कार्यालय को भी यह आंकड़े उपलब्ध नहीं होंगे। अंतिम आंकड़े तैयार होने के बाद ही जानकारी सामने आएगी। जनगणना कार्य के लिए प्रदेश में करीब 1.80 लाख अधिकारी-कर्मचारियों की टीम तैनात की जाएगी। इनमें लगभग डेढ़ लाख प्रगणक शामिल होंगे। प्रत्येक प्रगणक को अधिकतम 800 घरों की जिम्मेदारी दी जाएगी। अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में एक से अधिक प्रगणक नियुक्त किए जाएंगे।

एमपीपीएससी ने जारी किया 2027 का परीक्षा कैलेंडर

साल में दो बार होगी राज्य सेवा परीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने वर्ष 2027 का प्रस्तावित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साल में दो बार पीएससी परीक्षा आयोजित कराने के फैसले के बाद जारी इस कैलेंडर में कुल 25 प्रतियोगी परीक्षाओं की संभावित तारीखें घोषित की गई हैं। ये परीक्षाएं जनवरी से अक्टूबर 2027 के बीच आयोजित की जाएंगी। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 24 जनवरी 2027 को होगी। राज्य इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 14 फरवरी और राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 7 मार्च को प्रस्तावित है।



राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी तथा उप संचालक एवं सहायक संचालक (तकनीकी) की परीक्षाएं 18 अप्रैल को आयोजित होंगी। राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल और राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा (विशेष) 2 मई को होगी। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 10 से 15 मई तक प्रस्तावित है। वहीं, सहायक कुलसचिव परीक्षा 30 मई को आयोजित की जाएगी। जून से अक्टूबर तक भी विभिन्न विभागों की परीक्षाएं होंगी।

80 परसेंटाइल से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को मिलेगी केंद्रीय छात्रवृत्ति

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की हायर सेकंडरी परीक्षा सत्र 2025-26 में 80 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को केंद्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। केंद्र सरकार की केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के तहत नए और नवीनीकरण आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस योजना के तहत मध्यप्रदेश के लिए हर साल 4299 विद्यार्थियों का कोटा निर्धारित किया गया है। इसमें 50 प्रतिशत छात्रवृत्तियां छात्राओं और 50 प्रतिशत छात्रों के लिए आरक्षित हैं। विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्तियों का वितरण 3:3:1 के अनुपात में होगा। आरक्षण के तहत अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पांच प्रतिशत छात्रवृत्तियों का प्रावधान है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अशोक विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग़ मुंगालिया, भोपाल

Fax & Phone No.0755-2930001, E- Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 1596/तक/का.यं./लो. स्वा. /मैके. खण्ड /भोपाल/2026/ दिनांक 17/11/2026

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14 (द्वितीय आमंत्रण)/2026-27 दिनांक 17.11.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_550018_1 दिनांक 17.11.2026

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् मैकेनिकल उपखण्ड नर्मदापुरम की बी. ई. सी. (सी.आर.) 03 विभागीय रिंग मशीन में विशेष सुधार कार्य के लिये कलपुर्जे क्रय हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 02.12.2026 सायं 17.00 बजे बजे तक अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठित फर्म जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव प्राप्त हो, से फार्म-C पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि की पावती, अधिकृत विक्रेता के पंजीयन का प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 03.12.2026 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 3,73,780.00/- (रूपये तीन लाख तिहत्तर हजार सात सौ अस्सी) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रूपये 7,476/- (रू. सात हजार चार सौ तिहत्तर) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/-ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईट: https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

कार्य का विवरण	टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.)	धरोहर राशि (रू.)	टेण्डर का मूल्य(रू.)	टेण्डर आनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि
मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अन्तर्गत मैकेनिकल उपखण्ड नर्मदापुरम की बी. ई. सी. (सी.आर.) 03 विभागीय रिंग मशीन में विशेष सुधार कार्य हेतु कलपुर्जे क्रय	3,73,780.00	7,476.00	2,000.00	02.12.2026 17.00 बजे तक	03.12.2026 17.15 बजे

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_550018_1 दिनांक 17.11.2026 पर उपलब्ध है।

जी-21802/26

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. वि. मैके. खण्ड भोपाल